चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 4.3.26 | 8 | 7-8 |

# हकृवि के पांच विद्यार्थियों का एजीक्यूटिव पद पर हुआ चयन

## वीसी ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी



हकृवि कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ चयनित विद्यार्थी।

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत 'प्रदान एनजीओ' द्वारा एजीक्यूटिव के पद पर पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने और रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि सभी विद्यार्थियों का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है। उन्होंने बताया चयनित विद्यार्थियों में अंकिता सिंह, अमन, किरण, नीरज व नेहा शामिल हैं। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य तथा एसवीसी कपिल अरोड़ा उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 5.3.26 | 5 | 3-5 |


# हकृवि के पांच विद्यार्थियों का एग्जीक्यूटिव पद पर चयन



हकृवि के चयनित विद्यार्थी व शिक्षकगण • पीआरओ

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत प्रदान एनजीओ ने एग्जीक्यूटिव के पद पर पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समंवय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने और रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को इन अवसरों का लाभ उठाने, अपने कौशल को निखारने और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित करता है। छात्र कल्याण निदेशक डा. रमेश कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी विद्यार्थियों का चयन व्यक्तिगत ईंटरव्यू के आधार पर हुआ है। पहले एक साल प्रशिक्षण के दौरान 32 हजार रूपए मासिक वेतन दिया जाएगा तथा एक साल का प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात 8.64 लाख रूपए सालाना का वेतन दिया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 4.3.26 | 12 | 4-5 |



हिसार। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ चयनित विद्यार्थी।

# हकृवि के पांच विद्यार्थियों का एग्जीक्यूटिव पद पर हुआ चयन

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत 'प्रदान एनजीओ' द्वारा एग्जीक्यूटिव के पद पर पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने और रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि सभी विद्यार्थियों का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ है। पहले एक साल प्रशिक्षण के दौरान 32 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाएगा तथा एक साल का प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात 8.64 लाख रुपये सालाना का वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में अंकिता सिंह, अमन, किरण, नीरज व नेहा शामिल हैं। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ रमेश गोयल आदि रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 4-3-26 | 4 | 3-4 |

# प्रदान एनजीओ में एग्जीक्यूटिव पद पर एचएयू के 5 विद्यार्थियों का हुआ चयन

## कुलपति बोले-प्लेसमेंट सेल के माध्यम से छात्रों का कौशल निखारने का प्रयास

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत 'प्रदान एनजीओ' में पांच विद्यार्थियों का एग्जीक्यूटिव पद पर चयन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उन्हें अपने कौशल को निखारने व आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कुलपति ने कहा कि प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम और करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर हुआ। पहले एक वर्ष प्रशिक्षण के दौरान 32 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाएगा और प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद सालाना 8.64 लाख का वेतन मिलेगा।

चयनित विद्यार्थियों में अंकिता सिंह, अमन, किरण, नीरज और नेहा शामिल हैं। सह-छात्र कल्याण निदेशक (काउंसलिंग व प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि कुलपति के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को विद्यार्थियों की प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित करने के निरंतर प्रयास करता रहेगा। इस अवसर पर डॉ. राजबीर गर्ग, डॉ. रमेश गोयल, डॉ. अतुल मौजूद रहे। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 4.3.26 | 4 | 1-2 |

## हकृवि के पांच विद्यार्थियों का एग्जीक्यूटिव पद पर हुआ चयन

हिसार, 3 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत 'प्रदान एनजीओ' द्वारा एग्जीक्यूटिव के पद पर पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। चयनित विद्यार्थियों में अंकिता सिंह, अमन, किरण, नीरज व नेहा शामिल हैं।



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ चयनित विद्यार्थी।